# न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,सतना (म0प्र0)

प्र0क्र0/ 173/अ74/2019-20

प्रति,

सचिव,
म0प्र0 शासन,
राजस्व विभाग, मंत्रालय,
भोपाल ।

द्वारा- आयुक्त, रीवा सम्भाग, रीवा ।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सत्यमेव जयते सतना (म.प्र.)

## प्रतिवेदन

(दिनांक 03.12.2019)

कार्यपालन यंत्री लो0 स्वा0 यांत्रिकी विभाग, खण्ड सतना जिला सतना द्वारा पत्र क्रमांक 2178/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.खंण्ड/19, सतना दिनांक 31.7.19 प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि सतना बाणसागर समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित टंकियो, एम.बी.आर., क्लियर वाटर पम्पिंग मेन इत्यादि के निर्माण हेतु वन विभाग की 115.39 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है । वन भूमि के बदले राजस्व भूमि वन विभाग को अन्तरित किया जाये ।

2- वनमण्डल अधिकारी, सतना द्वारा पत्र क्रमांक/मा.चि./8484, सतना दिनांक 02.09.2019 में लेख किया है कि सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से प्रभावित होने वाली वन भूमि 115.39 हे0 के बदले में समतुल्य गैर वनभूमि रकवा 29.574 हे0 का चयन किया गया है । ग्राम उरई चुवा तहसील उचेहरा जिला सतना स्थित खसरा क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6 का कुल रकवा 29.574 हे0 के खसरा पंचशाला, मानचित्र, वनभूमि उपयुक्तता प्रमाणपत्र, मौका पंचनामा की छाया प्रति भेज कर वनभूमि के एवज में 29.574 हे0 गैर वनभूमि हस्तान्तरण/नामान्तरण वन विभाग के पक्ष में प्रस्तावित किया गया है ।

3- अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उचेहरा से प्रस्तावित राजस्व भूमि के संबंध में जॉच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया । अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उचेहरा द्वारा नायब तहसीलदार प्रभारी वृत्त परसमनिया, तहसील उचेहरा के प्रतिवेदन पर से प्रतिवेदन किया गया कि मौजा उरई चुवा की आ0नं0 2 रकवा 5.339 हे0, आ0नं0 3 रकवा 1.520 हे0, आ0नं0 4 रकवा 5.352 हे0, आ0नं0 5 रकवा 13.754 हे0 एवं आ0नं0 6 रकवा 3.617 हे0 किता 5 रकवा 29.574 हे0 भूमि वर्तमान खसरे में शासकीय कदीम दर्ज है । आराजी मौके पर रिक्त है । किसी प्रकार का अतिक्रमण नही है । वन विभाग द्वारा उक्त आराजी को वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त होना बताया गया है । नायब तहसीलदार वृत्त परसमनिया, हल्का पटवारी/राजस्व निरीक्षक द्वारा स्थल निरीक्षक, लो0स्वा0यां0विभाग एवं वन विभाग के उपस्थित में किया जाकर कर प्रतिवेदन तैयार किया गया है । मौका पंचनामा, खसरा, नक्शा ट्रेस, वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा जारी उपयोगिता प्रमाण पत्र, वनसंरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी, सतना व कार्यपालन यंत्री लो0स्वा0यां0 विभाग के आवेदन/मॉग पत्र अनुसार सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से प्रभावित वनभूमि के बदले तात्कालिक रूप से मौजा उरई चुवा, तह0 उचेहरा की प्रस्तावित आ0नं0 2 रकवा 5.339 हे0, आ0नं0 3 रकवा 1.520 हे0, आ0नं0 4 रकवा 5.352 हे0, आ0नं0 5 रकवा 13.754 हे0 एवं आ0नं0 6 रकवा 3.617 हे0 किता 5 रकवा 29.574 हे0 राजस्व भूमि वन सरंक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन विभाग को हस्तांतरित/नामान्तरित किया जाना उचित पाया है ।

...2

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
सतना (म.प्र.)

4- प्रकरण में अपर कलेक्टर सतना से परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त किया गया । अपर कलेक्टर, सतना द्वारा प्रकरण का परीक्षण कर प्रतिवेदित किया गया है कि वन मण्डल अधिकारी, सतना के पत्र क्रमांक 8484 दिनांक 02.9.19 एवं अनुविभागीय अधिकारी, उचेहरा के प्रतिवेदन दिनांक 27.11.19 सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में प्रभावित कुल 115.39 हे0 वन भूमि के बदले तात्कालिक रूप से ग्राम उरई चुवा की प्रस्तावित आ0नं0 2 रकवा 5.339 हे0, आ0नं0 3 रकवा 1.520 हे0, आ0नं0 4 रकवा 5.352 हे0, आ0नं0 5 रकवा 13.754 हे0 एवं आ0नं0 6 रकवा 3.617 हे0 किता 5 रकवा 29.574 हे0 राजस्व भूमि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन विभाग को हस्तांतरण/नामान्तरण किया जाना उचित होना प्रतिवदित किया गया है ।

5- वन संरक्षक एवं पदेन वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना द्वारा प्रस्तुत पत्र क्र-मा0चि0/8484 सतना दिनांक 02.9.19 एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उचेहरा, अपर कलेक्टर, सतना के प्रतिवेदन का परीक्षण किया गया, संलग्न दस्ताबेजो का अवलोकन किया गया । सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित टंकियों, एम0बी0आर0, क्लियर वाटर पम्पिंग मेन इत्यादि के निर्माण हेतु वन परिक्षेत्र उचेहरा अन्तर्गत 115.39 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है । प्रभावित वन भूमि के बदले, तत्कालिक रूप से, वृक्षारोपण हेतु ग्राम उरई चुऑं तहसील उचेहरा की आ0नं0 2 रकवा 5.339 हे0, आ0नं0 3 रकवा 1.520 हे0, आ0नं0 4 रकवा 5.352 हे0, आ0नं0 5 रकवा 13.754 हे0 एवं आ0नं0 6 रकवा 3.617 हे0 किता 5 रकवा 29.574 हे0 राजस्व भूमि, वन विभाग के नाम हस्तान्तरित/नामान्तरित किये जाने की सहमति दी गई है ।

6- अतः वन संरक्षक एवं पदेन वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उचेहरा तथा अपर कलेक्टर, सतना के परीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर सतना बाणसागर ग्रामीण जल प्रदाय योजना से प्रभावित उचेहरा वन परिक्षेत्र की 115.39 हे0 वन भूमि के बदले ग्राम उरई चुआ, तहसील उचेहरा की आ0नं0 2 रकवा 5.339 हे0, आ0नं0 3 रकवा 1.520 हे0, आ0नं0 4 रकवा 5.352 हे0, आ0नं0 5 रकवा 13.754 हे0 एवं आ0नं0 6 रकवा 3.617 हे0 किता 5 रकवा 29.574 हे0 राजस्व भूमि बैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग को अन्तरित किया जाना उचित है। अतः प्रकरण प्रतिवेदन सहित मूलतः आयुक्त महो0 रीवा संभाग रीवा के माध्यम से निराकरण हेतु सादर संप्रेषित है।

pmd
03/2/20

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,
जिला-सतना (म0प्र0)
**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट**
**सतना (म.प्र.)**